फा.सं. 1704813/1/2022-मा. (समन्वय) (ई-21449)
भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग,
ग्राउंड फ्लोर, 36, जनपथ, नई दिल्ली
दिनांक 09 अक्तूबर, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

विषयः **मत्स्यपालन विभाग द्वारा सितंबर, 2023 माह के दौरान किए गए प्रमुख गतिविधियों और महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सार मंत्रिमंडल सचिवालय को परिचालित करने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और सितंबर, 2023 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल समिति/समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

यथोक्त: संलग्नक

आनन्दी

(डॉ. एंसी मैथ्यू एनपी)
सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति
मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ: श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक)
2. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
4. उप-राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली
5. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
7. सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**सूचना के लिए प्रतिलिपि:**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3. सचिव, मात्स्यिकी के प्रधान निजी सचिव
4. अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार के प्रधान निजी सचिव
5. मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6. तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में सितंबर, 2023 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला ने 04 सितंबर, 2023 को यशवंतराव चव्हाण केंद्र, मुंबई, महाराष्ट्र में विभिन्न हितधारकों के साथ मात्स्यिकी के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। डॉ. एल. मुरुगन, माननीय राज्यमंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, माननीय राज्य मंत्री, वित्त मंत्रालय, डॉ. भागवत किशनराव कराड, महाराष्ट्र सरकार के माननीय मत्स्यपालन मंत्री, श्री सुधीर मुनगंटीवार, महाराष्ट्र सरकार के माननीय राजस्व, पशुपालन और डेयरी विकास मंत्री एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। सम्मेलन में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, बैंकों और राज्य/केंद्रशासित प्रदेश मत्स्यपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। 35 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों से, 370 स्थानों से तथा कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) से मछुआरे वर्चुअल मोड से जुड़े और 600 ने प्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम में हिस्सा लिया। केसीसी सम्मेलन के दौरान केसीसी दिशानिर्देश/एसओपी 7 स्थानीय भाषाओं में वितरित किए गए।

2. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला ने 14 सितंबर, 2023 को गुजरात के नवसारी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आईसीएआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रैकिशवाटर एक्वाकल्चर श्रीम्प फार्मर्स कॉन्क्लेव-2023 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। गुजरात के तटीय जिलों के लगभग 410 एक्वा फार्मर्स ने कॉन्क्लेव में भाग लिया। माननीय मंत्री ने इस अवसर पर एआईसी के अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक की उपस्थिति में आईसीएआर-सीआईबीए के सहयोग से कृषि बीमा कंपनी (एआईसी) द्वारा विकसित श्रीम्प क्रॉप इंशयूरेंस स्कीम भी लॉन्च की। दो समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए; क्रमशः सीआईबीए और एनएफडीबी के बीच और सीआईबीए और गुजरात मत्स्य किसान उत्पादक संगठन (एफएफपीओ) के बीच।

3. माननीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला ने 15 सितंबर 2023 को इंदौर, मध्य प्रदेश में प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक कार्यक्रम में भाग लिया। माननीय मंत्री ने विभाग की वर्तमान योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रसारित करने और पोटैन्श्यल मछुआरों, मत्स्य किसानों और अन्य हितधारकों तक पहुंचने के उद्देश्य से मत्स्यपालन विभाग की छह महीने लंबी आउटरीच पहल "मत्स्य सम्पदा जागरूकता अभियान" शुरूआत की। माननीय मंत्री ने उत्पादन और उत्पादकता वृद्धि, पोस्ट-हार्वेस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और अन्य मूल्य श्रृंखला में उत्थान के हस्तक्षेपों से संबंधित पीएमएमएसवाई के तहत अनुमोदित विभिन्न परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम की एक अन्य गतिविधि स्टार्टअप, मत्स्य किसान उत्पादक संगठन (एफएफपीओ) और मत्स्य सहकारी समितियों आदि सहित मात्स्यिकी क्षेत्र में नवाचारों, पहलों और प्रगति को प्रदर्शित करने के लिए मात्स्यिकी पर प्रदर्शनी का उद्घाटन था।

4. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री परशोत्तम रूपाला ने 17 सितंबर 2023 को मैंगलोर, कर्नाटक में पीएम विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ समारोह में भाग लिया। माननीय मत्स्यपालन, बंदरगाह और अंतर्देशीय जल परिवहन मंत्री, कर्नाटक सरकार, श्री मंकला एस. वैद्या; माननीय विधान सभा सदस्य (एमएलए) मैंगलोर (उत्तर), डॉ. वाई. भरत शेट्टी; मैंगलोर (दक्षिण) के विधायक, श्री डी.

वेदव्यास कामथ; मैंगलोर सिटी कॉर्पोरेशन के मेयर, श्री सुधीर शेट्टी; इस अवसर पर राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) के मुख्य कार्यकारी और दक्षिण कन्नड़ (मैंगलोर) के उपायुक्त भी उपस्थित थे।

5. माननीय केंद्रीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, श्री परशोत्तम रूपाला और माननीय राज्य मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन ने 20 सितंबर, 2023 को मत्स्यपालन विभाग (डीओएफ) की वार्षिक क्षमता निर्माण योजना (एसीबीपी) लॉन्च की।

6. माननीय केंद्रीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, श्री परशोत्तम रूपाला और श्री जी.वी.एल. नरसिम्हा राव, माननीय संसद सदस्य, राज्यसभा ने 25 सितंबर, 2023 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, विशाखापत्तनम में नव पुनर्निर्मित समुद्री संग्रहालय का उद्घाटन किया, जहां 250 से अधिक नमूने संरक्षित हैं। माननीय मंत्री ने मत्स्य उद्योग के प्रतिनिधियों, समुद्री खाद्य निर्यातक संघों, हैचरी मालिकों, उद्यमियों और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बातचीत की।

7. मत्स्यपालन विभाग के सचिव ने गुजरात के कोरी क्रीक क्षेत्र में सी-वीड(समुद्री शैवाल) के विकास के लिए अब तक की गई कार्य योजना और पहल के बारे में जानकारी देने के लिए 05 सितंबर, 2023 को गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में भाग लिया।

8. विभाग ने 20 सितंबर, 2023 को सचिव, व्यय मंत्रालय की अध्यक्षता में व्यय वित्त समिति (ईएफसी) और फिशरीज़ एंड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (एफआईडीएफ) की बैठक में भाग लिया।

9. मत्स्यपालन विभाग के सचिव ने 23 सितंबर, 2023 को प्रधान मंत्री के सलाहकार द्वारा भारत सरकार की योजनाओं को गहन रूप से ग्राउंड पर पहुंचाने के लिए आउटरीच पर आयोजित बैठक में भाग लिया।

10. मत्स्यपालन विभाग के सचिव ने 29 सितंबर, 2023 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) - केंद्रीय मात्स्यिकीशिक्षा संस्थान (सीआईएफई) की गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए रोहतक, हरियाणा का दौरा किया और खारे पानी में झींगापालन किसानों द्वारा सामना की जाने वाली जमीनी स्तर की समस्याओं को समझने के लिए हरियाणा के झींगा किसानों के साथ बातचीत की।

11. मत्स्यपालन विभाग के दोनों संयुक्त सचिवों की सह-अध्यक्षता में परियोजना निगरानी और मूल्यांकन इकाई (पीएमईयू) - प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) की 17वीं बैठक 14 सितंबर, 2023 को आयोजित की गई, जिसमें एनएफडीबी वार्षिक योजना 2023-24 के साथ पीएमएमएसवाई के केंद्रीय क्षेत्र घटक के तहत प्राप्त विभिन्न परियोजनाओं पर विचार किया गया और 187 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय वाली परियोजनाओं की सिफारिश की गई।

12. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने हाइब्रिड मोड के माध्यम से "तटीय जलकृषि प्राधिकरण (संशोधन), अधिनियम, 2023" के लिए नियमों, विनियमों और दिशानिर्देशों के प्रारूपण के लिए प्रासंगिक संशोधनों पर चर्चा करने के लिए 5, 25 और 29 सितंबर, 2023 को बैठकों की अध्यक्षता की।

13. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने 11 सितंबर, 2023 को ब्राजीलियन एसोसिएशन ऑफ एनिमल रेंडरर्स - एबीआरए के साथ बैठक में भाग लिया और मात्स्यिकी और जलीय कृषि के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की।

14. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने 12 सितंबर, 2023 को कृषि भवन, नई दिल्ली में खाद्य और पोषण सुरक्षा (विज़न 2047 का लक्ष्य 2) से संबंधित एसजीओएस मुद्दे पर बैठक में भाग लिया।

15. मत्स्य बीज फार्म, भोपाल, मध्य प्रदेश में एक्वा पार्क और अनुसंधान केंद्र की स्थापना पर परियोजना प्रस्ताव के मूल्यांकन और मूल्यांकन के लिए परियोजना मूल्यांकन समिति (पीएसी) की 51वीं और 52वीं बैठकें 13 और 27 सितंबर, 2023 को आयोजित की गईं और मध्य प्रदेश, मिजोरम, मेघालय, ओडिशा, छत्तीसगढ़, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रस्तावों और 375.50 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय वाली परियोजनाओं की सिफारिश की गई।

16. राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) ने सितंबर, 2023 महीने के दौरान 23 प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियाँ और 545 आउटरीच गतिविधियाँ आयोजित कीं, जिसमें क्रमशः 48,750 और 27,74,000 व्यक्तियों को शामिल किया गया।

17. तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) ने 244 आवेदनों पर कार्रवाई की, जिसमें तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश से प्राप्त फार्मों के पंजीकरण और नवीनीकरण के लिए 173 आवेदन और एंटीबायोटिक फ्री एक्वा इनपुट के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 71 आवेदन शामिल हैं।

18. सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ कोस्टल इंजीनियरिंग फॉर फिशरी (सीआईसीईएफ) ने पीएमएमएसवाई के तहत 44.05 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर काकद्वीप फिशिंग हार्बर के आधुनिकीकरण के दूसरे चरण पर पश्चिम बंगाल सरकार के प्रस्ताव का तकनीकी मूल्यांकन किया और 50.00 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर मुथलपोझी फिशिंग हार्बर के उन्नयन पर केरल सरकार के प्रस्ताव का भी मूल्यांकन किया।

19. सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज नॉटिकल एंड इंजीनियरिंग ट्रेनिंग (सिफनेट) ने 160 मछुआरों के लिए 4 फिशरमैन आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

20. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के दो मत्स्यन जहाजों ने माह के दौरान भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में और उसके आसपास मात्स्यिकी संसाधनों और मरीन मेमल सर्वे प्रोग्राम के लिए खोजपूर्ण सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। एफएसआई के मोरमुगाओ बेस के वरिष्ठ मात्स्यिकी वैज्ञानिक और वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक ने 04 से 07 सितंबर, 2023 तक बैंकॉक, थाईलैंड में हिंद महासागर ट्यूना आयोग (आईओटीसी) प्रशिक्षण में भाग लिया।

21. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग (निफेट) ने माह के दौरान 705 प्रशिक्षु दिनों में 103 समुद्री मछुआरा महिलाओं/पुरुषों के लिए पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

22. मत्स्यपालन विभाग के लिए सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के तहत शिकायतों का निपटान 30 सितंबर, 2023 तक 97% था।